


# कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ाने में सफल रहा प्रोजेक्ट ग्रो

## यूपीईएस के प्रोजेक्ट ग्रो का हुआ समापन

**DEHRADUN (24 April):** कम्युनिटी तो सशक्त बनाने और सबको समान अवसर प्रदान करने के एक परोपकारी मिशन के साथ यूपीईएस ने हाल ही में समग्र विकास कार्यक्रम प्रोजेक्ट ग्रो का वैडनसडे को समापन किया. स्कूल फॉर लाइफ और सीएसआर की एक संयुक्त पहल कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई. मैनेजमेंट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि इसका मेन उद्देश्य प्रशासनिक कर्मचारियों को उनकी कम्युनिकेशन स्किल्स और अंग्रेजी भाषा में पकड़ को बढ़ाकर एक परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करना है. प्रोजेक्ट ग्रो में स्किल डेवलपमेंट पर केंद्रित व्यावहारिक सत्रों के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के कर्मचारियों और फैकल्टी सदस्यों ने सभी सत्रों में उत्साहित होकर भागीदारी की.

### अनुभव किए साझा

प्रतिभागी आरती ने बताया कि प्रोजेक्ट ग्रो कार्यक्रम अटेंड करने के बाद मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है. एक अन्य प्रतिभागी रंजीत ने कहा कि उन्हें प्रोजेक्ट ग्रो ने अधिक उम्र में भाषा की विभिन्न चुनौतियों के बावजूद अंग्रेजी सीखने में मदद की है.